**कक्षा – 5**

**पाठ – 2**

**वर्ण विचार**

प्रश्नो उत्तर :–

प्र.1 वर्ण किसे कहते हैं ?

उ0. भाषा की सबसे छोटी इकाई ध्वनि का लिखित रूप वर्ण कहलाता है।

प्र.2 व्यंजन किसे कहते हैं ?

उ0. जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है, उन्हें व्यंजन कहते हैं।

प्र.3 संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं ?

उ0. दो व्यंजनों के योग से बनने वाले व्यंजनों को संयुक्त व्यंजन कहते है।

प्र.4 रेफ ( ि ) का प्रयोग करके पाँच शब्द लिखो।

उ0. कर्म, धर्म, वर्ण, कर्ण, शर्म।

प्र.5 ऊष्म व्यंजन किसे कहते हैं ?

उ0. जिन वर्णों का उच्चारण रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्मा से होता है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं।

End of document

S 1-2 OF 2

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows

Scanned with CamScanner

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) य्, र्, ल्, व् अंतःस्थ व्यंजन हैं।

(ख) स्वर का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है।

(ग) जिन वर्णों का उच्चारण रगड़, घर्षण से उत्पन्न ऊष्मा से होता है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं।

(घ) वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

(ङ) कंठ, तालु, मूर्धा, दंत व ओष्ठ के स्पर्श द्वारा स्पर्श व्यंजनों का उच्चारण होता है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) किस शब्द पर चंद्रबिंदु (अनुनासिक) लगा है?

(अ) हंस ☐ (ब) हँसना ☑

(स) बंदर ☐ (द) डॉक्टर ☐

(ख) किस शब्द पर अनुस्वार का चिह्न लगा है?

(अ) चाँद ☐ (ब) अंक ☑

(स) हँस ☐ (द) प्रातः ☐

(ग) निम्नलिखित में हलंत का चिह्न कौन-सा है?

(अ) : ☐ (ब) ् ☑

(स) ं ☐ (द) ँ ☐

(घ) विसर्ग (:) के उच्चारण में कौन-सी ध्वनि निकलती है?

(अ) अम् ☐ (ब) अन् ☐

(स) अह ☑ (द) अस् ☐

4. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजन किन व्यंजनों के योग से बने हैं?

| संयुक्त व्यंजन | जिन व्यंजनों के योग से बने हैं |
|---|---|
| (क) क्ष् | क् + ष् |
| (ख) त्र् | त् + र् |
| (ग) ज्ञ् | ज् + ञ् |
| (घ) श्र् | श् + र् |

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA



Scanned with CamScanner